जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-34 जयपुर, सोमवार, 13 सितम्बर, 2021 वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## अब कोरोना मृतक के घर पहुंचेगा सीएम का संवेदना संदेश



जयपुर (हमारा वतन) प्रदेश में 2 मार्च 2020 से आज तक कोविड से जान गंवाने वाले 8954 मृतकों के घर-घर अब जिला सीएमएचओ के कार्मिक सीएम का संवेदना संदेश लेकर जाएंगे। सीएम द्वारा पूर्व में जारी आदेश की पालना में चिकित्सा विभाग के अफसर मृतक आश्रितों से यह भी पता करेंगे कि उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिला या नहीं? चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने यह आदेश जारी किया है।

सभी सीएमएचओ को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। सीएम के संवेदना संदेश की पूरी कापी भी भेजी गई है। वही छपवाकर मृतक आश्रितों को देनी होगी। संवेदना व्यक्त करने वाला कार्मिक ससम्मान मृतक के घर जाएगा और लिफाफे में बंद सीएम का संवेदना संदेश सौंपेगा। यह लिफाफा मृतक के वारिस जैसे मृतक की पत्नी, पति और सबसे बड़े बच्चे के नाम होगा।

इस संदेश को संबंधित सीएचसी/पीएचसी के जीएनएम या एएनएम द्वारा मृतक के वारिस को ससम्मान व्यक्तिगत रूप से डिलीवर किया जाएगा। डिलीवर करते वक्त मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना के तहत लाभ प्राप्त हुआ या नहीं? इसकी सूचना भी संकलित की जाएगी, जो राज्य सरकार को भेजी जाएगी। इसका एक फॉर्मेट भी दिया गया है। अब तक हुई 8954 मौतों में से जयपुर में 1970 और जोधपुर में 1103 लोगों की जान गई है।

## गोविंदगढ़ डिप्टी संदीप सारस्वत का उत्कृष्ट कार्य करने पर हुआ सम्मान



चौमूं (हमारा वतन) जयपुर जिला ग्रामीण पुलिस के गोविंदगढ़ वृत्ताधिकारी संदीप सारस्वत का उत्कृष्ट कार्य करने पर वंदे मातरम सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर सम्मान किया गया ।

समिति अध्यक्ष सुरेश योगी ने बताया की पुलिस उपाधीक्षक संदीप सारस्वत लगातार अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास पैदा कर रहे हैं । क्षेत्र में होने वाली वारदातों की तह तक जाकर अपनी टीम के द्वारा पर्दाफाश कर रहे हैं । एक आम इंसान अपनी फरियाद लेकर जाता है तो उसकी सुनवाई जरूर करते हैं । सम्मान समारोह के दौरान हरफूल बाज्या, भवानी शंकर छिपा, राजभरत आदि लोग मौजूद रहे ।

## वैक्सीन की दोनों डोज लेने पर कोरोना से मौत का खतरा 97 प्रतिशत कम

नई दिल्ली (हमारा वतन) वैक्सीन का पहला डोज लगने के बाद मौत की संभावना 96.6% तक कम हो जाती है। वहीं, दूसरे डोज के बाद आशंका 97.5% तक कम हो जाती है। सरकार ने गुरुवार को यह जानकारी सार्वजनिक की है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि यह जानकारी अप्रैल से अगस्त के बीच डेटा पर हुई रिसर्च के आधार पर जारी किया गया है।

डेटा का अध्ययन करने के बाद यह सामने आया है कि दूसरी लहर में अप्रैल से मई के बीच संक्रमण से मरने वालों में ज्यादातर वह लोग थे, जिन्होंने वैक्सीन का एक भी डोज नहीं लिया था। कोविड टास्क फोर्स के प्रमुख वीके पॉल ने कहा कि वैक्सीनेशन संक्रमण के खिलाफ एक बड़ा हथियार है। देश में वैक्सीन भरपूर मात्रा में है। हम लोगों से अपील करते हैं कि वे वैक्सीन जरूर लगवाएं।



### स्कूलों को फिर से खोलने के लिए वैक्सीनेशन जैसी कोई शर्त नहीं

नीति आयोग के सदस्य स्वास्थ्य डॉ. वीके पॉल ने मीडिया ब्रीफ में बताया कि स्कूलों को फिर से खोलने के लिए बच्चों का टीकाकरण कोई शर्त नहीं है। पॉल ने कहा कि स्कूल स्टाफ को वैक्सीन लेना अनिवार्य किया गया है। हालांकि, सरकार बच्चों के वैक्सीन को लेकर गंभीर है और इसकी तैयारियां जोरो पर हैं।

### देश में वैक्सीनेशन का आंकड़ा 72 करोड़ के पार

पॉल ने आगे बताया कि देश में वैक्सीनेशन 72 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है। 18 साल से अधिक उम्र के 58% लोगों को सिंगल डोज दी जा चुकी है। इसे 100 प्रतिशत पर ले जाना जरूरी है। ये हर्ड इम्यूनिटी के लिए भी आवश्यक है। हमें इसका ध्यान रखना है कि वैक्सीनेशन से कोई भी न छूटे।

### त्योहारी सीजन को लेकर दी चेतावनी

इधर, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि देश में कोरोना की दूसरी लहर खत्म नहीं हुई है। त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बार फिर से लोगों को सतर्क रहने और लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी है।

### औसतन 78 लाख लोगों को रोज लग रहा टीका

भूषण ने आगे बताया कि देश में वैक्शीनेशन तेजी से बढ़ रही है। मई में जहां औसतन 20 लाख लोगों को प्रतिदिन टीका लगाया जा रहा था, वह सितंबर में 78 लाख हो गई है। हमने मई के 30 दिनों की तुलना में सितंबर के पहले 7 दिनों में अधिक टीके लगाए हैं। पिछले 24 घंटों में 86 लाख खुराक दी गई। हमें त्योहारों से पहले टीकाकरण की गति बढ़ानी है। उम्मीद है इसमें जल्द ही और 8 तेजी आएगी।

### कुल संक्रमितों के 68% मामले अकेले केरल से

भूषण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 43,263 मामले दर्ज किए गए हैं। केरल में 32 हजार से भी ज्यादा मामले सामने आए हैं। देश में पिछले हफ्ते आए कुल संक्रमितों के 68त्न मामले केरल में ही रिपोर्ट किए गए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि कोरोना की पहली लहर के दौरान मामलों में गिरावट की दर 50% थी, जो इस लहर में इससे थोड़ी कम है। हम अभी भी मामलों में उछाल देख रहे हैं, यह बढ़ोतरी अभी खत्म नहीं हुई है।



# महिलाओं का विश्वास : डॉ. शिखा मील



## जन्मदिन पर हुआ ऐतिहासिक कार्यक्रम 442 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

### महिलाओं ने भी बढ़ चढकर किया रक्तदान



**हमारा वतन (राम गोपाल सैनी )**

बहुत ही कम समय में अपने इलाज से महिलाओं में विश्वास जमाने वाली बराला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कार्यरत आईवीएफ और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा मील का 11 सितंबर को भव्य जन्मदिन मनाया गया । डॉ. शिखा मील अपने मरीजों से इस प्रकार घुल-मिल जाती हैं की अपनी सी लगती हैं । इसी का परिणाम है कि जन्मदिन पर बधाई देने वाले



और रक्तदान करने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा । जैसे किसी राजनेता के जन्मदिन पर समर्थकों का ताँता लगता है ।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि डॉ. शिखा मील का जन्म शेखावाटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले के छोटे से गांव में 11 सितंबर 1983 को पिता डॉ.महावीर सिंह और माता अरुणा मील के घर हुआ । शिखा मील हमेशा से ही पढ़ाई में अव्वल रही । वर्ष 2001 में पीएमटी टेस्ट पास किया । वर्ष 2001 से 2007 तक एसएमएस मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई की । वर्ष 2011 से 2013 तक पीजी की डिग्री प्राप्त की और वर्ष 2013 से 2014 तक दूरबीन सर्जरी, टेस्ट ट्यूब बेबी की डिग्री ली ।

डॉ. शिखा मील की शादी 3 नवंबर 2006 को डॉ. अमित बराला से हुई जो कि बराला हॉस्पिटल में ही न्यूरो सर्जन है । अगस्त 2014 से राजस्थान के प्रसिद्ध बराला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में डॉ. शिखा मील ने अपनी सेवाएं देना शुरू किया और कम समय में ही अपने इलाज के द्वारा महिलाओं में विश्वास कायम किया । डॉ. शिखा मील महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने का कार्य भी समय-समय पर करती रहती हैं । जिस कारण कई अवार्डो से नवाजी जा चुकी हैं ।

डॉ शिखा मील ने बताया कि डॉक्टरी मेरा पेशा है और सही मायने में लोगों की सेवा करने के लिए हमने प्रयास फाउंडेशन की स्थापना की ।

कुछ महीनों पहले ही महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए महिला दिवस पर महिलाओं और छात्राओं का सम्मान किया । कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों को भोजन सामग्री भी उपलब्ध करवाई । इसी को देखते हुए जन्मदिन पर विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, क्योंकि रक्तदान सबसे बड़ा दान है ! यह किसी फैक्ट्री में तो बनता नहीं ,अपने शरीर में ही बनता है , इसलिए हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए ।

जन्मदिन के दौरान क्षेत्र के महिला, बुजुर्ग व युवाओं ने डॉक्टर मील का जन्मदिन बड़े जोर - शोर से केक व माला पहनाकर मनाया। देर रात तक जन्मदिन की बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा ।

शिविर में गोविंदगढ़ डिप्टी संदीप सारस्वत,चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी,जिला पार्षद किरण सैनी, रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव,डॉ ग्यारसी लाल बराला,डॉ. श्रवण बराला,डॉ हनुमान बराला, चौमू सीएचसी प्रभारी डॉ मुखराम देवन्दा ,डॉ एम एल शर्मा,डॉ अजीत सिंह, डॉ राजपाल लांबा, डॉ अमित ख्वाश, डॉ हरफूल चौधरी ,सरपंच श्यामप्रताप सिंह राठौड़, जेतपुरा सरपंच सुरेश गुलिया ,पूर्व प्रधान आमेर सीता चौधरी, डॉ अमित बराला,आर के कुमावत, सुरेश चौधरी, लाल चन्द झाझडा,एन आर गौरा, पूर्व सरपंच राजेश वर्मा ,गोपाल गुलिया, अनुराग शर्मा ,प्रयास फाउंडेशन टीम के सदस्य सुहानी चौधरी, मोनिका टोडावता, रेशमा, ममता सैनी ,कृष्ण कुमार सैनी, सूरज चौधरी, मुकेश निठारवाल, पुष्पेंद्र ताखर, पप्पू राम मूंडरू, मान सिंह, विकास सैनी, सुमित बराला आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



## अब जमीन पर नहीं डाइनिंग टेबल पर मिड-डे मील खाएंगे बच्चे

मध्य प्रदेश (हमारा वतन)मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों को अब मिड डे मील जमीन या चटाई पर नहीं बल्कि डाइनिंग टेबल पर परोसा जाएगा। इन बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों में डाइनिंग टेबल बनाया जाएगा, जहां वह बैठकर आराम से मिड डे मील खा सकेंगे। साथ ही सर्विस के तरीके को भी बदला जाएगा। यानी अब प्लेट लेकर लाइन में लगे रहने की जरूरत भी नहीं होगी।

इस योजना की शुरूआत भाजपा सांसद ज्योरादित्य सिधिंया के गढ़ गुना से होगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के इस जिले में अबतक 20 सरकारी स्कूलों में इस योजना के तहत डाइनिंग टेबल का निर्माण भी हो चुका है। वहीं जिले के 80 पंचायत के 100 सरकारी स्कूलों में इस योजना को लागू करने का टारगेट रखा गया है।

पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने 8 सितंबर को इस योजना का उद्घाटन किया और कहा कि इसे पूरे राज्य में विस्तारित किया जाएगा। अभी तक सरकारी स्कूल के छात्र जमीन पर चटाई बिछाकर खाना खाते थे। अब मनरेगा के तहत स्कूलों में सीमेंट की बेंच और टेबल बनाई जा रही हैं। इसके साइज स्कूल के टेबल्स से दोगुना होंगे।

जानकरी के लिए आपको बता दें कि अभी तक 20 स्कूलों में डाइनिंग टेबल बनाने का काम हो चुका है जिसमें करीब 7 लाख रुपये का खर्च आया है। वहीं गुणा जिले के सभी स्कूलों में इसे बनाने में तकरीबन 35 लाख का खर्च आएगा।

## ऋषि पंचमी पर सप्तऋषियों की पूजा कर किया हवन



जयपुर (हमारा वतन) ब्राह्मण समाज राजस्थान के द्वारा ऋषि पंचमी के पावन दिवस पर जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने आचार्य पं छोटी लाल शर्मा के आचार्यत्व में सप्त ऋषियों की विधि विधान से पूजा अर्चना कर जड़ी बूटियों गूगल, नागरमोथा, कपूरकाचरी, इंद्र जौ, देवदारू जटामांसी, कमलगट्टा, दारूहल्दी, अगर तगर, विशेष जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से हवन किया ।

तत्पश्चात संतो को भोजन प्रसादी करवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कोरोना महामारी से क्षेत्र की सुरक्षा व सुख शांति व खुशहाली की कामना की । इस दौरान चौमूँ तहसील उपाध्यक्ष डॉ रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि ऋषि पंचमी के दिन सप्त ऋषियो की पूजा अर्चना कर संतो को भोजन करवाएं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त करें । इस दिन का बहुत बड़ा महत्व है । इस दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, तहसील संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, डॉ पवन कुमार तिवाडी, पंडित अरविंद शर्मा, अरुण शर्मा, महेंद्र शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण मित्र शिक्षक अंजनी कुमार शर्मा का हुआ सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) ट्री ग्रुप संस्थान इंडिया एवं अपना संस्थान जयपुर द्वारा सम्मानित पर्यावरण मित्र शिक्षक अंजनी कुमार शर्मा का राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मोरीजा मे संभागीय शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल राव एवं प्राचार्य कैलाश चंद झिंगोनिया के द्वारा सम्मान किया गया । कार्यक्रम आयोजक प्र. अ. सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया की अंजनी कुमार शर्मा का जयपुर जिले से पर्यावरण मित्र के रूप मे सम्मान होने पर यह संस्था भी सम्मानित कर गौरवान्वित हुई है । राव ने कहा की जयपुर संभाग मे इस संस्था जैसा वातावरण बहुत कम देखने को मिलता है । पेड़ पौधों फल फूल से आच्छादित शाला परिसर प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति का मन मोह लेती है । झिंगोनिया ने कहा की अंजनी शर्मा वृक्ष मित्रो को साथ लेकर पूरे गांव मे ही वृक्षारोपण करके उनकी देखभाल करते है । शर्मा ने कहा की इस सम्मान मे सभी पर्यावरण प्रेमियों का सहयोग रहा है । इस दौरान स्कूल स्टॉफ भी मौजूद रहा ।



## विधायक रामलाल शर्मा ने किया राधे कृष्णा लाइब्रेरी का शुभारंभ



चौमूं (हमारा वतन) शहर के थाना मोड़, आदर्श विद्या मंदिर स्थित राधे कृष्णा कंप्यूटर इंस्टीटूट ट्रेनिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए राधे कृष्णा लाइब्रेरी का बीजेपी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही राधे कृष्णा कंप्यूटर इंस्टीटूट एंड ट्रेनिंग सेंटर की टी शर्ट की भी लॉन्चिंग की गई । विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि चौमूं क्षेत्र में पूर्ण वातानुकूलित,शांत वातावरण में स्थापित ये लाइब्रेरी युवाओं के लिए फायदेमंद होगी । शिक्षा का माहौल बनाए रखना जरूरी है । डायरेक्टर कौशल कुमार योगी ने बताया कि हमारी लाइब्रेरी में सभी आधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी साथ ही स्टूडेंट्स के लिए हिंदी / अंग्रेजी की टाइपिंग सीखने की सुविधा फ्री रहेगी । इस दौरान अर्जुन लाल यादव प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, आलोक जांगिड़ , महेश शेरावत, अभिजीत बराला, पवन योगी , राहुल शर्मा ,गुरु वचन वर्मा , जितेंद्र बागड़ा, मुकेश यादव ,रविन्द्र योगी, हिमांशू अग्रवाल CA, कांग्रेस वर्कर कमेटी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार सैनी आदि गणमान्य अतिथि मौजूद रहे ।

## जॉब्स

1. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक), पद संख्या 3896, अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2021
2. साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 432, अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2021
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सांख्यिकी अधिकारी, पद संख्या 41, अंतिम तिथि 2 अक्टूबर 2021
4. बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 190, अंतिम तिथि 19 सितंबर 2021
5. असम राइफल रैली भर्ती, पद ग्रुप बी सी, पद संख्या 1230, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
6. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद फायरमैन, असिस्टेंट फायर ऑफिसर, पद संख्या 629, अंतिम तिथि 16 सितंबर 2021
7. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद कंप्यूटर, पद संख्या 250, अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2021
8. भारतीय डाक विभाग उत्तर प्रदेश उत्तराखंड, पद ग्रामीण डाक सेवक जीडीएस, पद संख्या 4845, अंतिम तिथि 22 सितंबर 2021

# जैस्मिन भसीन ने खोला भारती सिंह के पतले होने का राज, कॉमेडी क्वीन के खाने का मेन्यू हुआ वायरल

कॉमेडियन भारती सिंह इन दिनों अपने वेट लॉस को लेकर खबरों में छाई हुई हैं। कपिल शर्मा के सेट पर भारती सिंह का ट्रांसफॉर्मेशन देख कर दर्शकों से लेकर सेलिब्रिटिज भी हैरान हैं। ?91 किलो की भारती अब 76 किलो की हो गई हैं। भारती ने कैसे अपना 15 किलो कम किया है, इसका खुलासा उनकी बेस्ट फ्रेंड और एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन एक वीडियो शेयर करते हुए किया है।



**भारती का डिनर वीडियो वायरल**-जैस्मिन भसीन ने अपने इंस्टाग्राम पर भारती के डिनर की एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को खुद जैस्मीन भसीन ने बनाया है। क्लिप में भारती अपना डिनर प्लेट सजाती दिख रही है। चावल से भरी प्लेट दिखाते हुए भारती कहती हैं - ये मैंने डाला घी। भारती जैसे चावल पर दाल डालना शुरू करती हैं तभी जैस्मीन कहती हैं -अब घी के तड़के वाली दाल।

**ये है भारती के पतले होने का राज**-इसी बीच में भारती कहती हैं, दुनिया कह रही मैं पाटली होती जा रह हूं। टाइम देखो मैं किस टाइम खाना खा रही हूं।÷ वीडियो के अंत में जैस्मीन, भारती के पतले होने का राज बाते हुए कहती हैं, चार चम्मच घी, तेल से भारी हुई आलू की सब्जी और तेल वाली दाल, भारती के वजन घटाने के पीछे का यही राज है।

# मुनमुन दत्ता

## अपने से 9 साल छोटे टप्पू यानी राज अनादकट को रही है डेट!



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की फेम बबिता उर्फ मुनमुन दत्ता के पर्सनल लाइफ से जुड़ी एक खबर सामने आई है। मुनमुन दत्ता अपनी लव स्टोरी की वजह से सुर्खियों में हैं। खबरों हैं कि मुनमुन दत्ता अपने को-स्टार टप्पू का किरदार निभाने वाले राज अनदकट को डेट रही हैं।

**मुनमुन की पोस्ट पर राज के कॉमेंट से लोगों को हुआ शक**-ई-टाइम्स के मुताबिक मुनमुन दत्ता-राज अनदकट इन दिनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। मुनमुन के इंस्टाग्राम पर राज द्वारा किए गए कमेंट्स ने लोगों को उनके रिश्ते के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया। मुनमुन दत्त के इंस्टाग्राम पोस्ट राज का कमेंट देखकर सोशल मीडिया यूजर्सअक्सर ये पूछ करते थे कि दोनों के बीच चल क्या रहा है। हालांकि अब साफ हो गया है इनके बीच में क्या चल रहा है।

**घर वालों को है पता**-आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि मुनमुन और राज के बीच 9 साल का उम्र का अंतर है। राज 24 साल के हैं और मुनमुन 33 साल की हैं। हालांकि फिर भी ये दोनों प्यार में हैं। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि दोनों के परिवार को इस रिश्ते के बारे में पता है।

## नोरा फतेही ने जिम से शेयर किया वर्कआउट वीडियो, पसीने के कारण लगी बेहद हॉट

बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का एक वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नोरा जिम में खड़ी होकर मिरर के सामने अपना फिट-टोंड बॉडी को दिखाते हुए नजर आ रही हैं। वीडियो में उनका मूवमेंट इतना परफैक्ट है कि लोग देखकर उनके स्टाइल पर फिदा हुए जा रहे हैं। वहीं शरीर से पहले पसीने के कारण वह अपनी फोटो और वीडियो में बेहद हॉट लग रही हैं।



**नोरा का इंस्टा स्टोरी से शेयर किया वीडियो हुआ वायरल**-इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहे इस वीडियो को नोरा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी से शेयर किया है। इस वीडियो में नोरा जिम में नियॉन कलर की शॉट्स और ब्लैक ट्यूब ब्रा के उपर से व्हाइट शॉर्ट जैकेट पहने हुए दिख रही हैं। नोरा फतेही फिटनेस फ्रीक हैं। उनका स्टाइल सबसे जुदा है। वो एक भी दिन जिम मिस नहीं करतीं। अपनी बॉडी को फिट बनाने के लिए नोरा फतेही रोजाना पसीना बहाती हैं। नोरा का ये नया वीडियो इस बात का सबूत है । वीडियो में नोरा का कॉन्फिडेंस देखते ही बन रहा है।

# यहां हैं एलोवेरा के सेवन के टेस्टी तरीके जो कर देंगे पेट पर जमी जिद्दी चर्बी की छुट्टी

वज़न घटाने के लिए नियमित व्यायाम के साथ-साथ अगर आप एलोवेरा को अपनी वेट लॉस ड्रिंक में शामिल करती हैं, तो आपको आश्चर्यजनक परिणाम मिल सकते हैं।जिद्दी बैली फैट! ये कब आता है पता नहीं चलता। पर जब ये आकर जम जाता है, तो आसानी से जाने का नाम नहीं लेता। इसलिए इससे मुक्ति पाने के लिए आपको नियमित एक्सरसाइज के साथ-साथ कुछ फैट बर्नर फूड्स को भी अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। एलोवेरा ऐसा ही एक फैट बर्नर है। बेहतर परिणाम के लिए हमने इसे कई चीजों के साथ मिक्स किया। जिससे आपकी वेट लॉस जर्नी थोड़ी और टेस्टी हो जाए। मोटापा शरीर में होने वाली बहुत रोगों का घर होता हैं। वजन बढ़ने के साथ-साथ व्यक्ति अपना आत्मविश्वास भी खोने लगता है। इससे मुक्ति पाने के लिए किस इंस्टेंट सोशल मीडिया ट्रेंड पर भरोसा करने की बजाए हमें उस हर्ब पर भरोसा करना चाहिए, जिसकी सिफारिश आयुर्वेद भी करता है। जी हां, हम एलोवेरा की बात कर रहे हैं। ये एक नेचुरल फैट बर्नर है।



**पहले जानते हैं एलोवेरा के बारे में**-एलोवेरा एक छोटा झाड़ीदार पौधा हैं जिसे 'चमत्कारी पौधे' के रूप में वर्णित किया जाता हैं। एलो प्रणाली के अंदर करीब 500 वरिएंट्स के एलोवेरा पाए जाते हैं। मूल रूप से ये उत्तरी अफ्रीका में पाए जाते हैं। दुनिया भर में इसकी खेती एलो जेल के लिए की जाती हैं। आजकल व्यापक रूप से एलोवेरा का उपयोग किया जाता हैं। खाने में स्वाद के रूप में, फूड सप्लीमेंट, कॉस्मेटिक्स या किसी हर्बल उपचार सब में एलोवेरा कारगर हैं।

**वज़न घटाने में कैसे कारगर है एलोवेरा?**

यू.एस. में नेशनल सेंटर फॉर कॉम्प्लिमेंटरी एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शोध के अनुसार एलोवेरा में भारी मात्रा में लैटेक्स पाया जाता है, जिससे पाचन स्वस्थ रहता है और वज़न घटाने में आसानी होती हैं। एक 90 दिवसीय अध्ययन में देखा गया कि हाई फैट चूहों को सूखे एलोवेरा जेल देने से उनका फैट दोगुनी तेज़ी से कम होने लगा और प्रभावी नतीजे पाए गए।अन्य जानवरों के शोध से पता चला है कि एलोवेरा पेट की चर्बी के संचय को रोकते हुए शरीर में फैट और चीनी के चयापचय को प्रभावित कर सकता है। एलोवेरा में विटामिन-बी होता है, जिससे फैट को एनर्जी में बदलकर मोटापा कम किया जाता हैं।

एलोवेरा का सेवन कई तरह से किया जा सकता हैं। लेकिन शुरुआत में किसी भी दुष्प्रभाव से बचने के लिए कम मात्रा में इसका इस्तमाल करें।




## (कविता)

# मैं हूँ हिंदी



योगिता शर्मा
प्रधानाचार्या
इण्डिया ओवरसीज स्कूल

सुनो मेरी व्यथा
दुखभरी है मेरी गाथा
राजनीति से ग्रस्त हूँ
क्षेत्रीयता से त्रस्त हूँ
मैं हूँ हिंदी बचा लो मुझे
घटता भारत का ही मान
जब होता मेरा अपमान
स्वार्थ को छोड़ना होगा
मुझसे नाता जोड़ना होगा
मैं हूँ हिंदी बचा लो मुझे
सम्मानित हो राष्ट्र भाषा
सबकी यही अभिलाषा
कड़ी सजा का हो प्रावधान
जो हो मेरा अपमान
मैं हूँ हिंदी बचा लो मुझे
हिंदी के लिए हो सजग सरकार
जन-जन की यही पुकार






## विराट कोहली और रवि शास्त्री ने बीसीसीआई के इस नियम को किया इग्नोर क्या बोर्ड से मिलेगी सजा?

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाला पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी टेस्ट रद्द हो गया। मैच रद्द होने के बाद टेस्ट सीरीज का क्या नतीजा रहा, इसको लेकर फिलहाल कुछ भी तय नहीं है। यह लगातार दूसरी सीरीज है, जब भारतीय टीम में कोरोना की एंट्री की वजह से सीरीज पर असर पड़ा है। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों के मैदान पर नहीं उतरने से मैच रद्द होने के बाद अब टीम के हेड कोच रवि शास्त्री के उस बुक लॉन्चिंग इवेंट पर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसमें कप्तान विराट कोहली भी मौजूद थे। इस इवेंट में कोरोना प्रोटोकॉल की जमकर धज्जियां उड़ाई गई थीं, ऐसे में इस बात पर सबकी निगाहें होंगी कि बोर्ड कोच और कप्तान की इस जोड़ी पर कोई एक्शन लेता है या नहीं। इस इवेंट में विराट और उनके साथी खिलाड़ी मौजूद थे, जिसमें बाहरी मेहमान भी आए थे और ब्रिटेन में नियमों में रियायत के कारण किसी ने भी मास्क नहीं पहन रखा था। पता चला है कि शास्त्री या कोहली ने टीम होटल में हुए उस इवेंट में भाग लेने के लिए बीसीसीआई से लिखित परमिशन नहीं ली थी। बोर्ड के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि, अध्यक्ष सौरव गांगुली या सचिव जय शाह से परमिशन नहीं ली गई। शायद उन्हें लगा कि ब्रिटेन में स्वास्थ्य सुरक्षा नियमों में ढील है तो परमिशन की जरूरत नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर बोर्ड सचिव जय शाह ने खिलाड़ियों को भीड़ से दूर रहने के लिए कहा था, क्या उस पर अमल हुआ। अधिकारी ने कहा कि, ब्रिटेन में नियमों में छूट है, लेकिन इस तरह की भीड़ से बचना चाहिए था।

## पहली बार मिला टी-20 क्रिकेट में खेलने का मौका और अफ्रीकी बॉलर केशव महाराज ने बना दिया अनोखा रिकॉर्ड




नई दिल्ली। नए कप्तान केशव महाराज की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने वनडे सीरीज की नाकामी को पीछे छोड़ते हुए मेजबान श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मैच में 28 रनों से जीत दर्ज की। टीम के लिए इस मैच में टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह मैच प्रोटियाज कप्तान महाराज के लिए काफी खास बन गया, क्योंकि उन्होंने इस मैच से पहले कभी टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला था। उन्हें इस मैच में न सिर्फ टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू करने का मौका मिला, बल्कि कप्तान बनने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। उन्होंने इस मैच में पहली ही गेंद पर विकेट झटक लिया और अपने नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है। महाराज टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू पर टीम की कप्तानी करते हुए पहली गेंद पर विकेट लेने वाले मात्र दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मैच में श्रीलंका के भानुका राजपक्षे को एलबीडब्ल्यू आउट कर पवेलियन की राह दिखाई।

## यूएस ओपन :भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी राजीव राम ने जो सैलिसबरी के साथ जीता मेन्स डबल्स का खिताब

न्यूयार्क। यूएस ओपन के मेन्स डब्ल्स के फाइनल का खिताब भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी राजीव राम ने उनके ब्रिटिश जोड़ीदार जो सैलिसबरी के साथ मिलकर जीत लिया है। पुरुषों के सिंगल्स में रूसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव और वर्ल्ड नंबर-1 नोवाक जोकोविच ने फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। वर्ल्ड नंबर-4 राजीव राम और सैलिसबरी की जोड़ी ने खेले गए फाइनल में ब्रिटेन के जेमी मरे और ब्राजील के ब्रूनो सोरेस की जोड़ी को 3-6, 6-2, 6-2 से हराया। उनका यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन पर कब्जा जमाया था। वहीं इस साल वे ऑस्ट्रेलियन ओपन के उपविजेता थे। वर्ल्ड नंबर-7 जेमी मरे और ब्रूनो सोरेस की जोड़ी अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम नहीं जीत सकी।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# मूर्ति पूजा: गणेश

**गाइये गणपति जगवंदन। शंकर सुवन भवानी के नंदन ॥**
**सिद्धि सदन गजवदन विनायक। कृपा सिंधु सुंदर सब लायक ॥**



राम गोपाल सैनी

मूर्ति पूजा की प्रथा प्राय; सभी देशों, सभी जातियों और सभी धर्म के लोगों में किसी-न-किसी रूप में प्रचलित है। कोई देवता मान कर, कोई छिपा कर-अपने धर्म के बावत और कोई अपने पूर्वज मान कर आराधना-पूजा-प्रार्थना, स्मरण और अन्य किसी रीति-रिवाजों से करते हैं। पहले तो लोग उन देवताओं अथवा पूर्वजों का स्मरण कर उस स्थान की पूजा करते थे जहां वे प्रगट अथवा जन्म लिए थे या निवासी थे। बाद में उनकी मूर्ति किसी भी धर्मानुसार स्थापित कर देते थे, उसके बाद उसे धर्मावलम्बियों को सुपुर्द कर, तीर्थाटन का मार्ग बना देते है। जब इस प्रकार की पूजा से लोगों को संतोष नहीं हुआ तब लोगों ने उनके स्वरुप के प्रकार पर मूर्तियाँ बनायीं और उनकी स्थापना कर पूजा-आराधनायें करने लगे। अपवादों में एकाध धर्म को छोड़ कर। इस प्रकार मूर्ति पूजा का प्रचलन आरम्भ हुआ। विदेशों में भी मूर्ति पूजा की प्रथा है। चीन, जापान में बुद्ध, अधिकांश योरोप, अमेरिका आदि देशों के निवासी ईसाम सीह को पूजते हैं। इस प्रकार देखा जाय तो विश्व के सभी देशों के निवासी एवं विविध धर्मों के अनुयायी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मूर्ति पूजक कहे जायेंगे।

इसी क्रम में प्रथम पूजनीय गणपति की चर्चा साधकों के लिए करेंगे। इनका वाहन चूहा है। चूहा ज्ञान प्राप्ति प्राणी का चिन्ह है। यह एक रात में ही लगभग 05 किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। इनकी प्रजनन एक वर्ष में अनुमानतः हजारों की तादात में है, जो ज्ञान का प्रचार काफी लोगों तक प्रचारित कर सकेगा। इनके मुँह पर की मूंछें एंटीना जैसा कार्य करती है। विश्व भर का 20 प्रतिशत खाद्यान्न का आहार बना कर, ये तंदरुस्त रहते हैं, साथ ही इसी आहार को सभी जीव-जंतु, किट-पतंग और पशु-पंक्षी के आहार का ध्यान रखते हैं। हमें गणपति की तरह सोच कर हमारा कल्याण करना चाहिए। भाव ये है- साधक अब भी अद्वैत लक्ष्य तक नहीं पहुंचा है। ये गजमुख हैं। जीभ ही सभी विघ्नों का कारण है। वह सब के मुख में बाहर भी दिखाई देती है। इसीलिए दूसरों के दोषों का वर्णन करने में लगन दिखाते हैं। हमारे मन रूपी जीभ के अग्र भग को दुसरों की ओर से मोड़ कर अपनी ओर घुमाते अर्थात अपने दोषों की गणना करने लगेंगे तो कई विघ्नों से मानव मुक्ति पा सकता है। प्रकृति में अन्य प्राणियों से भिन्न रूप में हाथी की जीभ कंठ की ओर रहती है। गोलाकार बल खायी हुई सूंड़ हम अपने में होने लायक प्राण को सूचित कराती है। लम्बोदर बताता है कि सर्व विश्व को धारण करने वाले आप ही हो। चौड़े कान सूचित करते है कि ध्यान से दूषित विचारों को त्याग दो।

# यूईएम जयपुर में कैम्ब्रिज अधिकृत परीक्षा केंद्र का हुआ उद्घाटन

जयपुर (हमारा वतन) अब यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर राजस्थान का एकमात्र पहला विश्वविद्यालय बन गया है जिसे कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश अधिकृत केंद्र के लिए चुना गया है । जो कि कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, यूके का एक प्रमुख कार्यक्रम है। लॉन्चिंग कार्यक्रम में मनीष पुरी, बिजनेस हेड, साउथ एशिया, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने इसकी जानकारी दी और यूईएम जयपुर के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा को केंद्र प्राधिकरण पट्टिका प्रदान की। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की स्थापना 1209 में हुई थी और यह दुनिया का सबसे पुराना और सबसे प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान है। यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है और शिक्षा के सभी क्षेत्रों में समग्र शिक्षा के साथ अपने छात्रों के लिए छात्र केंद्रित दृष्टिकोण रखता है । यह दुनिया भर के कैम्ब्रिज आकलन अंग्रेजी केंद्रों के माध्यम से दुनिया भर के सभी शिक्षार्थियों को अंग्रेजी भाषा के लिए पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रदान करता है। यूईएम जयपुर पूरे राजस्थान में एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसके पास ग्रामीण युवाओं और शिक्षार्थियों को अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विश्व के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय से यह सुविधा है जो उन्हें वैश्विक कार्यस्थल पर रोजगार के योग्य बनाएगी।



यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने बताया कि कौशल आधारित शिक्षा और प्री-प्लेसमेंट प्रशिक्षण सत्र बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी के इच्छुक या उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले छात्रों को अतिरिक्त बढ़त देते हैं। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और दुनिया के प्रसिद्ध संस्थानों के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के साथ नियमित बातचीत हमारे छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती है और उन्हें विदेशी नौकरी और इंटर्नशिप हासिल करने में सक्षम बनाती है।

प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, को इस केंद्र के लिए कैंब्रिज द्वारा केंद्र परीक्षा प्रबंधक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि यूईएम जयपुर में कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश ऑथराइज्ड सेंटर छात्रों और शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा में सभी प्रकार के प्रमाण पत्र प्रदान करेगा और इन प्रमाणपत्रों को अंग्रेजी भाषा के लिए उम्मीदवार की दक्षता के लिए दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है । प्रो. नेहा मीणा, सहायक प्रोफेसर ने बताया कि नियमित प्रशिक्षण सत्र सितंबर, 2021 के दूसरे सप्ताह से शुरू हो जाएंगे। तकनीकी शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय प्रणाली में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को इस केंद्र से सबसे अधिक लाभ होगा।

प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध मुखर्जी, डीन, यूईएम जयपुर ने बताया कि उद्योगों के साथ निरंतर संपर्क यूईएम जयपुर को पाठ्यक्रम में नवीनतम और उभरते विषयों को शामिल करने में सक्षम बनाता है, ताकि छात्र पास आउट होने पर उद्योग के लिए तैयार हो सकें।

उप-परियोजना निदेशक संदीप अग्रवाल ने बताया कि यूईएम जयपुर में सभी प्रकार के आउटडोर और इनडोर खेलों के साथ-साथ सभी छात्रों और स्टाफ सदस्यों के लिए जिम की सुविधा है। विश्वविद्यालय को यूजीसी, एआईसीटीई, आईएपी, आईसीआरए, एआईयू, आईएसओ, एसीयू, एआईएमएस, एआईएमए द्वारा अनुमोदित और मान्यता प्राप्त है ।

कार्यक्रम में डॉ. स्नेहलता ढाका, डॉ. विवेकानंद राव, प्रो. राहुल शर्मा, प्रो. के.वी. कुरियोकोस, प्रो. कृष्णा शर्मा, प्रो. विवेक शर्मा सहित कई छात्र भी मौजूद रहे ।

# कोविड-19 पॉजिटिव होने पर 30 दिन के अंदर मौत हुई तो मानी जाएगी कोरोना से डेथ

नई दिल्ली (हमारा वतन) कोविड-19 पॉजिटिव होने के बाद अगर 30 दिन के अंदर किसी की मौत अस्पताल या घर में हो जाती है, या फिर कोरोना पॉजिटिव होने के बाद अगर आप लगातार 30 दिनों तक अस्पताल में इलाजरत है और अचानक आपकी मौत हो जाती है तो मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह कोविड-19 ही बताई जाएगी। शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम



कोर्ट में एक एफेडेविट फाइल कर इस बात की जानकारी दी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को 30 जून को यह निर्देश दिया था कि जो लोग इस महामारी की वजह से अस्पताल में भर्ती हुए और फिर ठीक होने के बाद कोरोना से जुड़ी जटिलताओं से उनकी मौत हो जाती है, तो ऐसी मौतों को कोरोना से हुई मौतें मानने की दिशा में कदम उठाया जाए। जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्रालय और परिवार कल्याण तथा इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च ने 3 सितंबर को नए नियम बनाए। सरकार ने अब कोरोना से डेथ के संबंध में नया सर्कुलर जारी किया है। गाइडलाइंस में कहा गया है कि कोविड की पुष्टि होने के बाद अगर अस्पताल से छुट्टी भी हो जाए तो भी टेस्ट के 30 दिनों के भीतर अस्पताल से बाहर मौत होने पर कोविड डेथ माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने दो वकीलों गौरव कुमार बंसल और रीपक कंसल की याचिका सुनवाई के दौरान 30 जून को आदेश पारित किया था और कहा था कि केंद्र सरकार को इस आदेश का आदर करना चाहिए और उस पर अमल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किया था कि कोविड से मौत के मामले में डेथ सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया आसान बनाए और इसके लिए गाइडलाइंस जारी करे।

# मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल प्रारम्भ

जयपुर (हमारा वतन) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स एवं नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि SJMS SMS APP. पोर्टल पर इस योजना की समस्त जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं में कोचिंग करने हेतु वर्ष 2021-22 के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन दिनांक 10 सितम्बर से 24 सितम्बर तक आमंत्रित किये गये है। इस योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थी कोचिंग किये जाने हेतु अपने आवेदन sso portal (https://sso.rajasthan.gov.in) द्वारा SJMS SMS APP. पर 24 सितम्बर तक भेज सकते हैं। इच्छुक पात्र कोचिंग संस्थान भी अपने संस्थानो के पंजीयन हेतु 24 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। योजना एवं पात्रता का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.sje.rajasthan.gov.in पर प्रदर्शित है।



**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**






RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा